# दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट, हिंदी प्रकोष्ठ

सं.:एचसी/जीएन/1451/123

दिनांक : 06/09/2021

## // परिपत्र //

### विषय : हिंदी पखवाड़ा-2021 का आयोजन ।

अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से मंत्रालय/राजभाषा विभाग के मार्गनिर्देशानुसार और सरकार द्वारा कोरोना संबंधी जारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट में दिनांक 14 सितंबर से 28 सितंबर 2021 तक 'हिंदी पखवाड़ा-2021' मनाया जाएगा। हिंदी पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं आयोजित किये जा रहे हैं :-

| क्र.सं. | दिनांक / दिन | कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | 14 सितंबर 2021, मंगलवार | हिंदी दिवस/हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह | 10.30 |
| 2. | 14 सितंबर 2021, मंगलवार | हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता (डीपीटी कार्मिकों के लिए) | 3.00 - 4.30 |
| 3. | 15 सितंबर 2021, बुधवार | हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता (डीपीटी कार्मिकों की अध्ययनरत संतानों हेतु) | 3.30 - 5.00 |
| 4. | 16 सितंबर 2021, गुरूवार | हिंदी टिप्पण/प्रारूपण प्रतियोगिता | 3.30 - 5.00 |
| 5. | 17 सितंबर 2021, शुक्रवार | हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता | 3.30 - 5.00 |
| 6. | 20 सितंबर 2021, सोमवार | हिंदी कार्यशाला (पूर्ण दिवसीय) | 10:30 - 5:30 |
| 7. | 21 सितंबर 2021, मंगलवार | 'घ' वर्ग कर्मचारियों के लिए वाचन प्रतियोगिता | 3.30 - 5.00 |
| 8. | 22 सितंबर 2021, बुधवार | प्रश्नमंच प्रतियोगिता | 3.30 - 5.00 |
| 9. | 23 सितंबर 2021, गुरूवार | अंताक्षरी प्रतियोगिता | 3.30 - 5.00 |
| 10. | 28 सितंबर 2021, मंगलवार | हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह | 3.30 - 5.00 |

**कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं के आयोजन का स्थान :-** दीक्षा प्रशिक्षण कक्ष/पुराना बोर्ड रूम, प्र.का.भवन **अथवा** यथासमय यथावश्यकता सूचित किए गए के अनुसार-ऑनलाइन तरीके से ईमेल/व्हाट्सअप/ग्रुप मीटिंग टूल्स (जैसे-गूगल मीट/टीम्स/वेबेक्स/ज़ूम इत्यादि) के माध्यम से।

1. हिंदी पखवाड़ा के दौरान प्रस्तावित प्रतियोगिताओं को अलग-अलग तीन प्रमुख वर्गों अर्थात (i) अधिकारी वर्ग, (ii) कर्मचारी वर्ग एवं (iii) अनियमित-कर्मचारी वर्ग (अर्थात डेली रेटेड/एमटी/संविदा/एसोसिएट्स/अप्रेंटिस इत्यादि) में आयोजित किया जाएगा।

2. ये प्रतियोगिताएं 'नियमित कार्मिकों' के लिए तीन भाषाभाषी उप-वर्गों अर्थात (1) 'क' वर्ग अर्थात हिन्दीभाषी वर्ग (2) 'ख' वर्ग अर्थात् समहिन्दीभाषी वर्ग (गुजराती, मराठी, सिन्धी, पंजाबी, उर्दू) तथा (3) 'ग' वर्ग अर्थात् हिंदीतर भाषी वर्ग (शेष भाषाएँ) में आयोजित की जाएंगी। अनियमित-कर्मचारी वर्ग (अर्थात डेली रेटेड/एमटी/संविदा/एसोसिएट्स/अप्रेंटिस इत्यादि) में भाषा-भाषी वर्गीकरण नहीं होगा।

3. **कार्मिकों की अध्ययनरत संतानों के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता** तीन कक्षा-वर्गों अर्थात (1) कक्षा 8 से 10, (2) कक्षा 11 से 12 और (3) स्नातक से परास्नातक, में आयोजित की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी अपने नामांकन (नाम, किस कक्षा/स्टैंडर्ड में पढ़ रहे हैं, माता/पिता जो डीपीटी में कार्यरत हैं उनका नाम/पदनाम/कार्मिक संख्या/अनुभाग/विभाग, मोबाइल नंबर, व्यक्तिगत ईमेल आईडी इत्यादि) ***दिनांक 10 सितंबर 2021 तक*** अनिवार्य रूप से डाक/ईमेल (**hindikandlaport@gmail.com**) से भिजवा दें।

क्रमशः...2/-

4. **<u>'घ' श्रेणी कर्मचारियों के लिए वाचन प्रतियोगिता</u>** में केवल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता दो वर्गों अर्थात (1) नियमित (भाषा-भाषी वर्ग सहित) वर्ग एवं (2) अनियमित-कर्मचारी वर्ग के तहत आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता पुराना बोर्ड रूम, प्रथम तल, प्रशासनिक कार्यालय भवन, गांधीधाम में आयोजित होगी।

5. **प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है** कि अपना विवरण, प्रतियोगिताओं के नाम और अपने नाम, पदनाम, कार्मिक संख्या, अनुभाग/विभाग का नाम, मोबाईल नंबर और व्यक्तिगत ईमेल आईडी इत्यादि सहित उचित माध्यम से ***<u>दिनांक 11 सितंबर 2021 को अधिकतम अपराह्न 04.00 बजे तक</u>*** अनिवार्य रूप से हिंदी प्रकोष्ठ तक डाक/ईमेल **(hindikandlaport@gmail.com)** से भेजने का कष्ट करें। सभी प्रतियोगिताओं में प्रत्येक वर्ग और उपवर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे।

6. सभी प्रतियोगिताएं मंत्रालय/राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार सरकार द्वारा कोरोना संबंधी जारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए आयोजित की जाएंगी। प्रतिभागियों से अनुरोध है कि अपनी प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए निर्धारित तिथि और समय पर प्रतियोगिता-स्थल पर उपस्थित रहें। प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों को अपने संबंधित कार्यालय से कार्यमुक्त किया जाना अपेक्षित होगा।

7. सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि सरकार द्वारा कोरोना संबंधी जारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए हिंदी पखवाड़ा-2021 में आयोजित प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में ऊर्जा, उत्साह और उल्लास के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लेकर इसे सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

6/9/21

**<u>हिंदी अधिकारी</u>**
मो.नं. 9320815312
ईमेल : hindikandlaport@gmail.com/hindiofficer@deendayalport.gov.in

<u>सभी विभाग/प्रभाग/अनुभाग - सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच व्यापक परिचालन करवाने के अनुरोध सहित</u>
मुख्य सतर्कता अधिकारी/सचिव/वरिष्ठ उप सचिव/कार्मिक अधिकारी/वरिष्ठ सहायक सचिव/श्रम अधिकारी/जन संपर्क अधिकारी/विधि अधिकारी/पुस्तकालयाध्यक्ष/वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/उप मुख्य लेखा अधिकारी/वरिष्ठ लेखा अधिकारीगण/लेखा अधिकारी गण/सहायक लेखा अधिकारीगण/यातायात प्रबंधक/वरिष्ठ उप यातायात प्रबंधक/उप यातायात प्रबंधक/वरि.सहा.यातायात प्रबंधक/सहा.यातायात प्रबंधकगण/सहायक प्रशासनिक अधिकारी/संरक्षा अधिकारी/उप संरक्षक/बंदरगाह प्राधिकारी/अग्निशमन अधिकारी/फ्लोटिला अधीक्षक/मुख्य अभियंता/उप मुख्य अभियंता/अधीक्षक अभियंतागण(निर्माण/अभिकल्प/मार्ग)/अधिशासी अभियंतागण(नगर विकास/परियोजना/मार्ग/निर्माण/निर्माण-1/बंदरगाह/भूमि/संपदा)/सहा.अधिशासी अभियंतागण(सिविल)/मुख्य यांत्रिक अभियंता/उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/अधीक्षक अभियंता(यांत्रिक)/अधिशासी अभियंता(विद्युत)/सहा.अधिशासी अभियंता(विद्युत)/सहा.अधिशासी अभियंता(यांत्रिक)/अधिशासी अभियंता(शुष्कगोदी)/उप सामग्री प्रबंधक/जलीय अभियंता/नौभार प्रहस्तन प्रभाग/मुख्य चिकित्सा अधिकारी/वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण/वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारीगण/चिकित्सा अधिकारीगण/मुख्य प्रचालन प्रबंधक, वाडीनार/वैज्ञा.अधि., कंडला-वाडीनार/सतर्कता अधिकारी/भा.वि.मं, कंडला/गोपालपुरी

**प्रतिलिपि : अध्यक्ष के वरिष्ठ निजी सचिव - अध्यक्ष महोदय के सादर सूचनार्थ ।**
**प्रतिलिपि : उपाध्यक्ष के निजी सचिव - उपाध्यक्ष महोदय के सादर सूचनार्थ ।**
**प्रतिलिपि : सचिव के वैयक्तिक सहायक - सचिव महोदय के सादर सूचनार्थ ।**
**प्रतिलिपि : वरिष्ठ उप निदेशक (ईडीपी) - उपर्युक्त प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों की निर्धारित तिथियों और समय पर दीक्षा प्रशिक्षण कक्ष उपलब्ध कराने के अनुरोध सहित सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।**

**<u>सूचना पट्ट : गांधीधाम/कंडला/वाडीनार/गोपालपुरी स्थित सभी कार्यालय</u>**